C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 212 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 23 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## फर्जी ओएमआर पर घिरी पिछली सरकार, मंत्री का बड़ा खुलासा

### बोले-योग्य अभ्यर्थियों के अंक काटकर अयोग्य बनाए गए आरएएस

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

फर्जी ओएमआर शीट और पेपर लीक को लेकर राजस्थान की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने गुरुवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनकी सरकार में कोई भी मंत्री गड़बड़ काम में शामिल नहीं है और यदि निष्पक्ष जांच हुई तो बहुत बड़े नाम सामने आएंगे। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के उस बयान पर तीखा पलटवार किया, जिसमें भाजपा मंत्रियों को जेल भेजने की बात कही गई थी। कृषि मंत्री गुरुवार को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किश्त के डीबीटी जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने साफ कहा कि भाजपा सरकार में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं



किया जाएगा और जो भी बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। डोटासरा पर निशाना साधते हुए किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि गोविंद डोटासरा के परिवार और रिश्तेदारी के छह लोग आरएएस बन गए। उनके लिए इस तरह की बातें कहना आसान है, लेकिन अगर जांच उधर गई तो दो दिन में ही सच्चाई सामने आ जाएगी और वे खुद जेल की सीखचों में होंगे । कृषि मंत्री ने पिछली सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उस समय मीडिया के सामने खाली ओएमआर शीट दिखाई थी। उन्होंने दावा किया कि फर्जी नंबर डालकर अयोग्य लोगों का आरएएस में चयन कराया गया, जबकि जिन परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिए, उन्हें अंक ही नहीं मिले। जिन्होंने जवाब तक नहीं दिए, उन्हें पास कर आरएएस बना दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि ओएमआर में गड़बड़ी को लेकर वे पूर्व सरकार के दौरान कई बार खुलासे कर चुके थे, लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। मौजूदा सरकार में आरएएस की एक दर्जन ओएमआर शीट एसओजी को सौंप दी गई हैं, ताकि निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।

कृषि मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि ओएमआर शीट प्रकरण में जैसे-जैसे परतें खुलेंगी, वैसे-वैसे कांग्रेस के बड़े और पुराने नेता, आरपीएससी के चेयरमैन व 2-3 सदस्य, गोपनीय शाखा के अधिकारी-कर्मचारी और माफिया तक के नाम सामने आएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि बेरोजगारों के भाग्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सरकार सख्ती से पेश आएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## बनास नदी क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन पर पुलिस-डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई

### 2 डंपर व एलएनटी मशीन जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर, एक एलएनटी मशीन, एक बाइक जब्त की है तथा पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह संयुक्त कार्रवाई स्थानीय पुलिस एवं डीएसटी टीम द्वारा की गई। थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया की थाना क्षेत्र की बनास नदी के मुकुंदपुरिया सरहद क्षेत्र में अवैध रूप से बजरी का दोहन किया जा रहा था। मौके पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक एलएनटी मशीन, दो डंपर एवं एक बाइक के साथ पांच जनों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त सुरास गांव से अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली



को भी डिटेन किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में अवैध बजरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बजरी कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## 1500 किमी पीछा कर पुलिस ने दबोचा अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह

### राजस्थान-हरियाणा-दिल्ली में 50 वारदातें करने वाले दो इनामी पकड़े गए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना गुलाबपुरा व साईबर सैल भीलवाड़ा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय नकबजन गैंग के सरगना सहित 15-15 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों ने राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली में करीब 50 से अधिक चोरी व नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी गुलाबपुरा संजय कुमार के नेतृत्व में मुखबिर व तकनीकी सहायता से अंजाम दी। पुलिस टीम ने करीब 1500 किलोमीटर तक पीछा कर नकबजनी की वारदातों में लिप्त अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य 15-15 हजार रुपये के इनामी अपराधी उपेन्द्र सांसी एवं विरेन्द्र उर्फ बलवान सुनार को गिरफ्तार किया। मामले के अनुसार 8 नवंबर 2025 को गुलाबपुरा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 6 नवंबर को दोपहर करीब 1.15 बजे नेशनल हाईवे-48 पर सरेरी ग्राम के पास चैपाल दा ढाबा पर एक परिवार भोजन कर रहा था। इस दौरान पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर बदमाशों ने कार में रखे बैग से लगभग 2.50 लाख रुपये के सोने के जेवर, छह कीमती घड़ियां एवं 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अनुसंधान शुरू किया। पूछताछ में आरोपी उपेन्द्र सांसी ने खुलासा किया कि वह अपने साथी पिंटू सांसी के साथ दिल्ली से महंगी बाइकों पर सवार होकर नेशनल हाईवे स्थित होटल-ढाबों पर रैकी करता था। जैसे ही वाहन चालक खाना खाने के लिए कार छोड़कर जाते, गिरोह कार का शीशा तोड़कर कीमती सामान चुरा लेता। आरोपी दिल्ली से निकलने से लेकर वापस अपने ठिकाने तक पहुंचने के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे। आरोपी उपेन्द्र सांसी ने चोरी किए गए जेवरात अपने सहयोगी विरेन्द्र उर्फ बलवान सुनार को बेचना स्वीकार किया, जिस पर विरेन्द्र को भी गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों ने राजस्थान के विभिन्न जिलों में नेशनल हाईवे पर करीब 25 से 30 वारदातें करना कबूल किया है, जबकि अन्य राज्यों में भी कई घटनाओं में उनकी संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से चोरी किए गए मसरूका माल की बरामदगी एवं अन्य वारदातों को लेकर गहन अनुसंधान जारी है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी गुलाबपुरा संजय कुमार, डीएसटी भीलवाड़ा के आशीष मिश्रा, साईबर टीम के हैड कांस्टेबल चन्द्रपाल सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार तथा कांस्टेबल देवी सिंह सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

## बसंत ऋतु के स्वागत में खिले 'काले सोने' पर फूल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु का शुभ आगमन हो जाता है। ऋतु परिवर्तन से पहले ही प्रकृति मानो इसके स्वागत की तैयारियों में जुट जाती है। बसंत ऋतु का प्रमुख प्रतीक पीला रंग माना जाता है, जो खेतों में लहराते सरसों के फूलों के रूप में हर ओर बिखरा नजर आता है। इन्हीं दिनों कस्बे के एक खेत में अफीम (काला सोना) की फसल पर खिले सुंदर फूल भी बसंत के आगमन का संदेश देते प्रतीत हो रहे हैं। ये खिले फूल मानो प्रकृति द्वारा बसंत ऋतु के स्वागत में



सजे रंगीन संदेशवाहक हों। चारों ओर खिली फसलों और रंग-बिरंगे फूलों से ग्रामीण अंचल का दृश्य मनोहारी हो गया है। खेतों में छाई यह प्राकृतिक छटा न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रही है, बल्कि बसंत ऋतु की मधुरता और सौंदर्य को भी जीवंत कर रही है।

## डिजिटल युग में पत्रकारिता की नई पहल : 'भीलवाड़ा फ़ोकस लाइव' न्यूज़ पॉडकास्ट का शुभारंभ आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बदलते मीडिया परिदृश्य के बीच पत्रकारिता को डिजिटल मंच पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सत्य, निर्भीकता और जनसरोकारों की पहचान बने भीलवाड़ा फ़ोकस द्वारा 'भीलवाड़ा फ़ोकस लाइव' नाम से न्यूज़ पॉडकास्ट का शुभारंभ किया जा रहा है।

यह न्यूज़ पॉडकास्ट जनहित से जुड़े मुद्दों, सामाजिक सरोकारों और स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए आमजन की आवाज़ को एक सशक्त और व्यापक डिजिटल मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से न केवल समाचार प्रस्तुत किए जाएंगे, बल्कि उनसे जुड़े सामाजिक प्रभाव, पृष्ठभूमि और संभावित समाधान पर भी सार्थक संवाद



स्थापित किया जाएगा, जिससे श्रोता विषयों को गहराई से समझ सकें।

डिजिटल युग में पॉडकास्ट को सूचना, संवाद और विचार-विमर्श का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है। 'भीलवाड़ा फ़ोकस लाइव' इस माध्यम के जरिए पत्रकारिता की पारंपरिक विश्वसनीयता को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए समाज, प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद का सेतु बनेगा। इसमें स्थानीय घटनाओं के साथ-साथ समसामयिक विषयों पर निष्पक्ष चर्चा और विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा। इस नई पहल से विशेष रूप से युवाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विश्वसनीय समाचार सामग्री की पहुंच और अधिक मजबूत होगी। पॉडकास्ट के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## सरकारी योजनाओं के प्रचार में अब सोशल मीडिया पर फोकस

### मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास बोले बदलते दौर में नए टूल्स से हो प्रभावी संप्रेषण

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा।**

आमजन तक राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अब परंपरागत प्रचार के साथ सोशल मीडिया के नए टूल्स अपनाने होंगे। यह बात मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में आयोजित कार्यशाला रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म और इन्फॉर्म को संबोधित करते हुए कही।

मुख्य सचिव ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। आर्मी डे परेड, रोजगार कैलेंडर और रोड सेफ्टी जैसे अभियानों को लाखों लोगों ने देखा और साझा किया, जो डिजिटल माध्यमों की ताकत को दर्शाता है।

कार्यशाला में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि सरकारी सूचनाएं सरल भाषा, विश्वसनीयता और भावनात्मक अपील के साथ दी जाएं तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने घर-घर तिरंगा, स्वच्छ



भारत अभियान और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों का उदाहरण देते हुए कहा कि कम शब्दों और आकर्षक प्रस्तुति से संदेश दूर तक पहुंचता है। साथ ही उन्होंने फर्जी खबरों पर रोक के लिए एआई टूल्स के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की महानिदेशक अनुपमा भटनागर और एमएमडब्ल्यू व ईएमएमसी के प्रिंसिपल डायरेक्टर जनरल बी नारायणन ने प्रभावी सरकारी संप्रेषण और प्लेटफॉर्म-विशेष रणनीति पर प्रस्तुतियां दीं।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के शासन सचिव संदेश नायक ने कहा कि कार्यशाला में मिले सुझावों के आधार पर विभाग नई प्रभावी रणनीति बनाकर काम करेगा, जबकि आयुक्त राकेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

C M Y K

# झांतल को मिली नई पहचान, नवसृजित ग्राम पंचायत कार्यालय का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेडा ।**



**परमेश्वर ।** राज्य सरकार के आदेशानुसार नवसृजित ग्राम पंचायत झांतल को प्रशासनिक रूप से नई पहचान मिली। सामुदायिक भवन परिसर में ग्राम पंचायत कार्यालय का विधिवत शुभारंभ विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विकास अधिकारी परसोया ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने वीबी जी राम जी योजना एवं ग्राम उत्थान शिविरों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कार्यालय के शुभारंभ को गांव के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# खत्री कॉलोनी में दीपोत्सव का भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सालासर बस्ती के तत्वावधान में खत्री कॉलोनी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम खत्री कॉलोनी पार्क में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रीराम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

# श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के तहत निकलेगी विशाल जल कलश यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के तहत श्री श्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, जलीन्द्री में विशाल जल कलश यात्रा एवं श्री चारभुजा नाथ बेवान के आगमन का भव्य आयोजन किया जाएगा।

विशाल जल कलश यात्रा का आयोजन शुक्रवार को सुबह श्री शिव मंदिर, लक्ष्मीपुरा से प्रारंभ होकर श्री संकटमोचन हनुमान जी मंदिर तक निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भाग लेंगे।

महायज्ञ का आयोजन श्री श्री 1008 श्री बानोडा बालाजी के पावन सानिध्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री चारभुजा नाथ बेवान का भी विधिवत आगमन होगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनेगा।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# संविदा व ठेका कर्मियों के भविष्य को लेकर चिंता, शर्मा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने संविदा कर्मियों एवं ठेका पद्धति से कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है। पत्र में शर्मा ने उल्लेख किया कि राजस्थान सरकार के लगभग प्रत्येक विभाग में बड़ी संख्या में संविदा एवं ठेका कार्मिक कार्यरत हैं, जो स्थायी कर्मचारियों की तुलना में अधिक कार्य करने के बावजूद अत्यंत कम मानदेय पर सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान मानदेय इतना कम है कि इन कर्मचारियों के लिए परिवार का भरण-पोषण करना तो दूर, स्वयं का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने संविदा एवं ठेका कार्मिकों के लिए कार्यकाल की स्पष्ट समय-सीमा तय करने की मांग की है। साथ ही राजस्थान के आयुर्वेद विभाग का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में लगभग 300 आयुर्वेद वैद्य वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं, जिनमें से कई का सेवानिवृत्ति काल मात्र 2 से 3 वर्ष शेष है। ऐसे में उन्हें न तो पेंशन का लाभ मिलेगा और न ही भविष्य निधि, जिससे उनका भविष्य असुरक्षित हो गया है।

शर्मा ने कहा कि संविदा एवं ठेका व्यवस्था से सरकार पर आर्थिक भार भले ही कम पड़ता हो, लेकिन यह व्यवस्था कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि सरकार को संविदा व ठेका पद्धति समाप्त कर बड़ी संख्या में स्थायी भर्तियां निकालनी चाहिए, जिससे रोजगार के स्थायी अवसर सृजित हो सकें।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि जब तक नई नीति लागू नहीं होती, तब तक संविदा एवं ठेका कार्मिकों के मानदेय में परिवार चलाने योग्य वृद्धि की जाए। साथ ही आयुर्वेद वैद्यों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान की जाए।

# श्रीराम व्यायामशाला के 7 जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप के लिए चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेंटर, पुर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, भीलवाड़ा के जूडो कोच चेतन चोबे ने बताया कि राष्ट्रीय जूनियर जूडो चैंपियनशिप के लिए श्रीराम व्यायामशाला के कुल सात खिलाड़ियों का चयन उनके शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। चयनित खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिला वर्ग में हिमांशी विश्नोई, नेहा चौधरी, सुमन गुर्जर एवं रचना बैरवा, जबकि पुरुष वर्ग में सचिन विश्नोई, करण विश्नोई एवं कुश विश्नोई का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी कोच चेतन चोबे के सानिध्य में 23 से 26 जनवरी तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

खिलाड़ियों के चयन पर श्रीराम व्यायामशाला के उस्ताद गिरीराज चोबे, जूडो प्रशिक्षक भगवतीलाल शर्मा एवं जगदीश राजोरा सहित खेल प्रेमियों और समाज के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। सभी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर भीलवाड़ा एवं राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगे।

# देवनारायण जन्मोत्सव : बिजौलिया में बंधेज पूर्णाहुति व पांचवां निशुल्क विवाह सम्मेलन आज

## 21 जोड़े बंधेगे परिणय बंधन में






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**




**रमेश गुर्जर ।** नगर में भगवान देवनारायण के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर ऊपरमाल, बरड़ एवं खेराड़ क्षेत्र के गुर्जर समाज द्वारा आयोजित देवनारायण भगवान की बंधेज की पूर्णाहुति एवं पांचवां निशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है।

इस अवसर पर गुरुवार को देव डूंगरी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के महिला-पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चों ने भाग लिया। शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक नाचते हुए सफेद घोड़े, मेवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के कलाकारों के अखाड़े तथा महिला अखाड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा देव डूंगरी से प्रारंभ होकर मंदाकिनी मार्ग, पंचायत चौक, सब्जी मंडी मार्ग, तेजाजी चौक, बूंदी रोड एवं शक्करगढ़ चौराहा होते हुए पुनः देव डूंगरी पहुंची। वहां समाजजनों द्वारा देर रात तक जागरण एवं सत्संग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बंधेज की पूर्णाहुति एवं निशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन के दौरान पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होंगे, जिसमें 21 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर आदर्श विद्या मंदिर का निकला पथ संचलन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




बिजोलिया : नगर में निकला पथ संचलन

**मानव तिवाड़ी।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय, में सुभाश चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत पथ संचलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिठ्ठूलाल शर्मा ने बताया कि पथ संचलन में विद्यालय के 230 भैया-बहनों ने सहभागिता की। पथ संचलन दोपहर 10:30 बजे घोष वादन के साथ प्रारंभ हुआ, जो राज भवानी वाटिका से होते हुए तेजाजी का चौक, सब्जी मंडी, पंचायत चौक, हरिजन बस्ती, पथिक क्लब होते हुए पुनः राज भवानी वाटिका पहुंचा।

पथ संचलन में केसरिया साफों के साथ झांसी की रानी दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। घोष की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों पर कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विद्यार्थियों ने नगरवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति पदाधिकारियों द्वारा छात्रा अल्का धाकड़ को केसरिया ध्वज प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने ग्रहण किया पदभार, भीलवाड़ा से सैंकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

## सर्व समाज को आगे बढाने का कार्य करे मोर्चाः मदन राठौड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




**भीलवाड़ा।** भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना के दिन भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने विधिवत रूप से गोपीचंद मीणा को पदभार ग्रहण करवाया। समारोह में भीलवाड़ा से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, विधायक जब्बर सिंह सांखला, उदयलाल भड़ाना, लालाराम बैरवा, गोपाल खंडेलवाल, जिला महामंत्री कन्हैया लाल जाट, अविनाश जीनगर, करण सिंह बेलवा, किशोर शर्मा, विजेंद्र सिंह, बृजराज उपाध्याय, नगर पालिका जहाजपुर चेयरमैन नरेश मीणा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि सभी कार्यकर्ता केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जो समाज को तोडकर अपनी राजनीतिक रोटिया सेकना चाहते हैं उन्हें बेनकाब करना चाहिए। कृषि मंत्री ?डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि भाजपा जनजाति मोर्चा वर्षो से जनजाति समाज के अधिकारों, हितों, सामाजिक उन्नयन और राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभा रहा है। भाजपा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने विधायक गोपीचंद मीणा को एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार व्यक्त कर कहा कि इससे भीलवाड़ा जिले में भाजपा को मजबूती मिलेगी। मीणा सिर्फ एसटी समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले नेता है। एसटी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य के लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। पेपरलीक माफिया ने युवाओं के सपने चकनाचूर कर दिए। अब भाजपा के दो साल के शासन में युवाओं को न्याय दिलाते हुए भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार के द्वार खुले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले पंचायत चुनावों में कड़ी से कड़ी जोडते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है।

समारोह में भाग लेने के लिए राज्यभर से कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। इससे पूर्व एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा के काफिले का जयपुर में ही एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान मंच पर मीणा को माला, साफा, बुके, शॉल पहनाने के लिए होड मच गई।बवहीं मेवाड अंचल से आए कार्यकर्ताओं ने तीर कमान, हल और पगडी पहनाकर उनका स्वागत किया। समारोह में महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



## QUICK BITES

### टीमक देवनारायण मंदिर गर्भगृह का शिलान्यास , गुर्जर समाज के लिए 4 करोड़ की लागत से बनेगा आस्था केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



**(दिलखुश)** घटियाली से पांच किलोमीटर दूर कांटोला की पहाड़ियों के पास टीमक के देवनारायण मंदिर के गर्भगृह का शिलान्यास किया गया। यह मंदिर गुर्जर समाज की आस्था और धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मंदिर निर्माण की अनुमानित लागत चार करोड़ रुपये है। इसे पूरा होने में लगभग तीन साल का समय लगेगा। मंदिर के निर्माण में सफेद मार्बल पत्थर का उपयोग किया जाएगा। नवनिर्माणाधीन भगवान देवनारायण मंदिर के गर्भगृह पर विधिवत हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम गुफा वाले श्री कैलाश महाराज और पुंवाली देवनारायण घटियाली वाले भोपा जी श्री देवलाल के सानिध्य में सुबह 10:30 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के जयकारों के साथ धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। शिलान्यास समारोह के दौरान वैदिक विधि से हवन किया गया, जिसमें समाज की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और आपसी भाईचारे की कामना की गई।

### एनएचएआई लांबिया कला टोल प्लाजा पर रक्तदान शिविर आयोजित, 39 यूनिट रक्त हुआ सग्रंहित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा जिलेभर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनएचएआई के लाम्बियाकला टोल प्लाजा (एनएच-48) पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 39 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर लांबिया कला टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर सुरेश राजगुरु, डीजीएम विश्वासराव सत्रे, इंसीडेंट मैनेजर रिधकरण सहित टोल प्लाजा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान में भाग लिया। रक्तदान शिविर में कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर का सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी टीम द्वारा रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। लाम्बियाकला टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर सुरेश राजगुरु ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उदयपुर परियोजना निदेशक अनिल चौधरी के निर्देशानुसार यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़-चढ़कर रक्तदान कर रहे है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मरुधरा माहेश्वरी संस्थान ने श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र पर की गौ सेवा, मनाया मकर संक्रांति पर्व

## सदस्यों ने गौ सेवा और पारंपरिक खेलों के माध्यम से दिया भारतीय संस्कृति का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मरुधरा माहेश्वरी संस्थान द्वारा मकर संक्रांति का पावन पर्व हरनी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने गौ सेवा और पारंपरिक खेलों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजन और आरती के साथ हुआ। सेवा भाव के साथ गायों को लापसी एवं हरा चारा खिलाया गया। संस्थान के अध्यक्ष दिनेश राठी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर गौ सेवा का विशेष महत्व है, इसी उद्देश्य से उपचार केंद्र पर यह आयोजन रखा गया। आधुनिकता के दौर में लुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को जीवंत करने के लिए यहाँ सितोलिया, गिल्ली-डंडा और पतंगबाजी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के सदस्यों ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार का आनंद उठाया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद दमानी, कैलाश तापड़िया, रतन लाल बाहेती, श्री वल्लभ चांडक, पुरुषोत्तम राठी, राजेंद्र दमानी, मधुसूदन डागा, शिवरतन भटड, राकेश काबरा, मनोज नव्हाल, अनिल मूंदड़ा, नवीन काकानी और महादेव बाहेती, गौ सेवा प्रकल्प प्रभारी राजेश बाहेती संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच अध्यक्ष मनीष बजाज, मंत्री हर्ष राठी, महिला मंडल अध्यक्ष मनीषा झंवर और मंत्री इशिता झंवर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मंत्री नारायण बाहेती ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# अनुपमा मंत्री अध्यक्ष, मधु हिंगड़ सचिव, मधु बहेड़िया कोषाध्यक्ष, मीता अटल संगठन मंत्री निर्विरोध हुए निर्वाचित

## संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव हुए निर्विरोध संपन्न, क्षेत्रीय अध्यक्ष डाड ने किया नव नियुक्त पदाधिकारियों सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





**(पंकज पोरवाल)** संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की साधारण सभा की बैठक स्थानीय माहेश्वरी भवन में अध्यक्ष रेणु कोगटा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस दौरान नगर माहेश्वरी महिला संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोडाणी के सानिध्य में निविरोध चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए अनुपमा मंत्री, सचिव पद के लिए मधु हिंगड़, कोषाध्यक्ष पद के लिए मधु बहेड़िया और संगठन मंत्री के लिए मीता अटल निर्विरोध चुनी गईं। अध्यक्ष रेनू कोगटा के सानिध्य और पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोडानी की मौजूदगी में चुनाव हुआ। संरक्षक जतन हिंगड़ एवं मधु लढा ने पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोड़ानी, निवर्तमान अध्यक्ष रेनू कोगटा का तिलक लगाकर ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान अध्यक्ष श्याम लाल डाड एवं राहुल डाड द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों का पगडी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की लगभग 70 सदस्याएं मौजूद रहीं।

# धुमधाम और उत्साह के साथ चारभुजानाथ मंदिर का प्रथम पाटोत्सव संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शहर के कांवाखेड़ा स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर के प्रथम पाटोत्सव के अवसर पर श्री चारभुजानाथ मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान शिव परिवार का अभिषेक व चारभुजानाथ का विशेष श्रृंगार किया गया, जबकि क्षैत्रीय महिला मंडल द्वारा सत्संग किर्तन किए गए। वहीं सांझ ढलने के साथ ही एक हजार दिप प्रज्ज्वलन के साथ आरती की गई। वहीं इससे पुर्व बुधवार की रात संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में केसरीनंदन ग्रुप भीलवाड़ा के मास्टर सुनील द्वारा मधुरवाणी में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। उनके सस्वर पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु तल्लीन नजर आए। मंदिर परिसर को पुष्प सज्जा एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। भगवान श्री हनुमान जी के समक्ष सुंदरकांड पाठ, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। श्री चारभुजानाथ मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम पाटोत्सव के अवसर पर यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं सनातन संस्कृति को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया है। गुरुवार शाम को भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

# विकास अधिकारी मीणा ने करवाया पीएम आवास लाभार्थियों का गृह प्रवेश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे में गुरुवार को विकास अधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों का गृह प्रवेश करवाया ।

प्रशासक किशन लाल जाट ने बताया कि कोटड़ी विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने सवाईपुर कस्बे में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी जगदीश पिता बक्षु गाड़री व राधेश्याम पिता देवकरण माली के आवास पर गृह प्रवेश करवाया, इस दौरान विकास अधिकारी मीणा ने पिता काटकर लाभार्थी दंपति ने विधि विधान के साथ गृह प्रवेश किया । इसके साथ ही सवाईपुर में रड़ा की माताजी के पास ग्राम पंचायत द्वारा विकसित की जा रही फल वाटिका का निरीक्षण किया, इस दौरान विकास अधिकारी ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान कनिष्ठ सहायक मुकेश कुमार पारीक, महावीर माली, राकेश जाट, भेरूलाल सुथार, पप्पू माली अधिकारी मौजूद रहे ।।

# राजकीय बालिका विद्यालय गुलमंडी को मिले 20 टेबल-स्टूल सेट



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सद्भावना सेवा ट्रस्ट की अध्यक्षा कमला चौधरी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमंडी की छात्राओं के लिए 20 सेट टेबल-स्टूल दान में प्रदान किए गए। यह सराहनीय कार्य डॉ. एस.के. जैन के सहयोग एवं उप-प्रधानाचार्या रजनी मेहता के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शांति जैन महिला मंडल की अध्यक्षा सिमी पोखरना ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता जीनगर ने कहा कि ऐसे सहयोग से शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होता है और छात्राओं को बेहतर सुविधाएँ मिलती हैं। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में बलवीर चोरड़िया, मंजू खटवड़, विमला सिसोदिया, निर्मल सिंघवी, सुनीता जामड़ सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आईवीएफ तमिलनाडु द्वारा चेन्नई में सांसद अग्रवाल के साथ संवाद कार्यक्रम

## कार्यक्रम में तमिलनाडु से सीधी रेल सेवा की मांग रखी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन - तमिलनाडु द्वारा होटल मैरिस, चेन्नई में भीलवाड़ा (राजस्थान) से सांसद दामोदर अग्रवाल के साथ अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि संवाद के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की स्थापना के उद्देश्य, वैश्य समाज की एकता के महत्व, तथा व्यापार, उद्योग, शिक्षा, सेवा एवं समाज निर्माण में वैश्य समाज के महत्वपूर्ण योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने समाज की संगठित भूमिका को समय की आवश्यकता बताया।





कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल का स्वागत इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन तमिलनाडु के अध्यक्ष के. शंकरा राव एवं महासचिव पुव्वाड़ा शेषाद्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईवीएफ महिला विंग की प्रमुख मधुप्रिया के नेतृत्व में महिला प्रतिनिधियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन एवं अपोलो हॉस्पिटल्स के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर रहा, जिसके अंतर्गत सदस्यों को आपसी सहयोग एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर सहमति बनी।

कार्यक्रम में जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी एवं आर्य वैश्य समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से तमिलनाडु अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सीताराम गोयल, जयगोपाल गरोड़िया ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी अशोक केडिया, बसुदेव गुप्ता ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी कमलेश गुप्ता, सुरेश गोयल तथा अग्रवाल सभा, राजस्थान एसोसिएशन तमिलनाडु सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इसके अतिरिक्त आसींद, भीलवाड़ा एवं आसपास के मेवाड़ क्षेत्र से संबंध रखने वाले, वर्तमान में चेन्नई में निवासरत नागरिकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान चेन्नई से भीलवाड़ा रेल सेवा सहित कुछ सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित कई सदस्यों ने इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की सदस्यता हेतु औपचारिक आवेदन भी किया, जिससे संगठन के प्रति बढ़ते विश्वास और जुड़ाव का संकेत मिला।

कार्यक्रम के अंत में लीड़ी (ब्यावर) से खींचा परिवार के सदस्यों ने, सुनील खींचा के नेतृत्व में सांसद अग्रवाल का शॉल ओढ़ाकर औपचारिक स्वागत किया।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण, सकारात्मक संवाद एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत मे महासचिव इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन तमिलनाडु चेन्नई ने सभी का आभार व्यक्त किया

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बीगोद में निकला भव्य पथ संचलन





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

नगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। स्थानीय आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय, के भैया-बहनों द्वारा जयंती से एक दिन पूर्व गुरुवार को सुबह 11 बजे भव्य पथ संचलन निकाला गया।

पथ संचलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। घोष दल में 18 भैया-बहनों ने घोष वादन प्रस्तुत किया। संचलन का शुभारंभ केसरिया पताका दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष भोपाल सिंह बापना, उपाध्यक्ष श्यामलाल खटीक, संघ के जिला प्रचारक केशव नारायण एवं भेरूलाल तेली की उपस्थिति रही। सभी आचार्य-दीदी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पूरन मल बैरवा के नेतृत्व में नगर में पथ संचलन निकाला गया।

प्रधानाचार्य बैरवा ने देशभक्ति के ओजस्वी स्वर में कहा कि किसी भी बाधा को दूर कर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना होगा। पथ संचलन में लगभग 400 भैया-बहनों ने सहभागिता की। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रमुख अशोक कुमार पाराशर ने दी।

# गोवटा बांध बाणमाता शक्तिपीठ पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

श्री बाणमाता शक्तिपीठ, गोवटा बांध पर गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ अयोध्या में रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रेमनारायण महाराज (गेंहूखेड़ी) के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। कथा के शुभारंभ से पूर्व पंडित सावरमल शर्मा एवं बनवारी शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा मेंनाली नदी से प्रारंभ होकर मेला ग्राउंड एवं मंदिर परिसर से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में 251 कलश,



घोड़ा, रथ, शाज-बाज के साथ श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ा। विशेष बात यह रही कि कलश यात्रा के साथ 151 गांवों की प्रभात फेरियों का भी संगम हुआ, जिससे आयोजन और अधिक भव्य बन गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान नंदकिशोर सनाढ्य, जोड़ा सीताराम शर्मा एवं श्यामलाल धाकड़ ने पूजा-अर्चना करवाई। आयोजन में बाणमाता शक्तिपीठ अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, महामंत्री अमित जोशी, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी एवं लादू गुर्जर, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, शंभू सिंह शक्तावत, भगवत सिंह, नारायण लाल धाकड़, व्यवस्थापक नरेश धाकड़, अशोक जीनगर, सत्यनारायण सुथार, छीतर लाल सुथार, हीरा धाकड़, प्रदीप पोरवाल, खाना धाकड़, नारायण धाकड़, बालू सिंह, भवर कुमावत सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा वाचन के दौरान प्रेमनारायण महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन को सफल बनाने के लिए मन के भोग, तन के भोग और संसार के मोह से मुक्ति पाकर भक्ति मार्ग को अपनाना आवश्यक है। यदि व्यक्ति अपने सभी कार्य भगवान को समर्पित कर दे और उन्हें ही अपना माने, तो जीवन आनंदमय हो जाता है। मनुष्य 84 लाख योनियों के चक्र में उलझा हुआ है, जबकि केवल प्रभु ही उसकी नैय्या पार लगा सकते हैं।

# भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला-2026 : औद्योगिक विकास पर टॉक शो का सफल आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला-2026 के अंतर्गत गुरुवार को भीलवाड़ा के औद्योगिक विकास ,अवसर, चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ विषय पर एक प्रभावशाली टॉक शो का आयोजन ग्रामीण हाट में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, उद्योग प्रोत्साहन संस्थान एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा एमएलवी टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के.के. मीना ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न उद्योग प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने



डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित-आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना- 2024,एमएसएमई पॉलिसी-2024, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना-2026, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना- 2025 के माध्यम से युवाओं एवं उद्यमियों को मिलने वाले अनुदान, सब्सिडी एवं सहायता प्रावधानों पर प्रकाश डाला। टॉक शो में पैनलिस्ट के रूप में आर.सी. लोढ़ा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री), अशोक पांडेय (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा),डॉ. हर्षवर्धन सारस्वत (असिस्टेंट प्रोफेसर, एमएलवी टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज) एवं उद्यमी रवि कालरा ने सहभागिता की।

आर.सी. लोढ़ा ने ईवी व्हीकल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, टेक्निकल टेक्सटाइल एवं ऑर्गेनिक फूड्स में भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।उद्यमी रवि कालरा ने स्किल डेवलपमेंट को सफलता की कुंजी बताया।


अग्रणी बैंक प्रबंधक अशोक पांडेय ने बैंकिंग योजनाओं, साइबर फ्रॉड से बचाव एवं डिजिटल अवेयरनेस की जानकारी दी।डॉ. हर्षवर्धन सारस्वत ने इनोवेशन, रिसर्च एवं शिक्षा-उद्योग समन्वय में कॉलेज की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में एमएलवी टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। टेक्सटाइल उद्योग, निवेश संभावनाएँ, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं औद्योगिक चुनौतियों पर सार्थक चर्चा हुई। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के विशेषज्ञों ने व्यावहारिक एवं प्रेरणादायी उत्तर दिए।

QUICK BITES

# बसंत पंचमी पर डाबी चारभुजा मंदिर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर डाबी चारभुजा मंदिर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बसंत पंचमी के दिन प्रातःकाल ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई चारभुजा मंदिर डाबी पहुंचेगी। कलश यात्रा के समापन के बाद महाआरती का आयोजन किया जाएगा, तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण होगा। इस अवसर पर राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के गणमान्य बंधु कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। महासभा संस्था के अध्यक्ष श्री मुकेश चित्तौड़ा (नापायत), महासचिव श्री मथुरेश चित्तौड़ा (पटपड़ा वाला), कोटा एवं कोषाध्यक्ष श्री योगेश चित्तौड़ा (नमाना) सहित संस्था के पदाधिकारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था के पदाधिकारी चारभुजा मंदिर डाबी पहुंच चुके हैं तथा कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

# श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर बिजोलिया में हुआ हवन-अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की आगामी 22 जनवरी को दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में गुरुवार को धीवर माली समाज द्वारा धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित दुर्गेश शर्मा के सानिध्य में विधिवत हवन अनुष्ठान एवं अभिषेक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने भगवान श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए देश, समाज और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में पुरूषोत्तम माली, लादूलाल माली, शंभूलाल माली, राधाकिशन माली एवं भंवर माली सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सरिता राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता की प्रदेश सचिव नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा की सदस्य सरिता स्वर्णकार को राजस्थान प्रदेश सचिव युवा महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया है । सरिता को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर अधिवक्ताओ मे ख़ुशी की लहर है7 सरिता का अधिवक्ताओ ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया । इस दौरान पीरू सिंह गौड़, सूर्यप्रकाश सरगरा, अनिल कुमार पारीक, बालूलाल उपाध्याय, नवनीत कुमावत, सुधीर डांगी, नवीन चेचाणी, सुरेश बिड़ला, अनीता व्यास, किरण सोनी, ममता दाधीच, आरती कुमावत, संध्या चतुर्वेदी, सीमा अहीर शिप्रा, पल्लवी, ममता लक्षकार सहित कई अधिवक्ताओ ने बधाई दी ।

# मांडलगढ़ में घोष वाहिनी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला संचलन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



नगर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह पथ संचलन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय, मांडलगढ़ के भैया-बहिनों द्वारा सुबह 11 बजे आयोजित किया गया, जिसमें नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गणपतसिंह वर्मा ने बताया कि पथ संचलन घोष वाहिनी के साथ कदम से कदम मिलाते हुए भक्त निवास से प्रारंभ हुआ। संचलन सार्वजनिक निर्माण विभाग की गली, खंडेलवाल मार्केट, स्टेच्यू सर्किल, बस स्टैंड एवं गांधी चौक की विभिन्न गलियों से गुजरता हुआ पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान नगरवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जयघोष के नारों से नगर गूंज उठा और पूरे मार्ग में अनुशासन, एकता एवं राष्ट्रभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस पथ संचलन में कक्षा 6 से 10 तक के लगभग 400 भैया-बहिनों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित ढंग से भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।